# केंद्रीय विद्यालय संगठन

# संभागीय कार्यालय, वाराणसी

# द्वितीय संकलित परीक्षा 2016-17

# कक्षा -9

# विषय-हिंदी

**समय: 3 घंटे** **पूर्णांक :90**

..............................................................................................................................

सामान्य निर्देश:

i)इस प्रश्न पत्र में चार खंड हैं- क, ख,ग, घ|

ii)चारों खण्डों के उत्तर देना अनिवार्य है|

iii) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए|

कृपया जांच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ.... हैं|

कृपया जांच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 15 प्रश्न हैं|

..............................................................................................................................

## खण्ड क

**प्रश्न 1 .निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए (5)**

गंगा भारत की एक अत्यंत पवित्र नदी है जिसका जल काफी दिनों तक रखने के बावजूद अशुद्ध नहीं होता जबकि साधारण जल कुछ दिनों में ही सड़ जाता है| गंगा का उदगम स्थल गंगोत्री या गोमुख है| गोमुख से भागीरथी नदी निकलती है और देवप्रयाग नामक स्थान पर अलकनंदा नदी से मिलकर आगे गंगा के रूप में प्रवाहित होती है| भागीरथी के देवप्रयाग तक आते-आते इसमें कुछ चट्टानें घुल जाती हैं जिससे इसके जल में ऐसी क्षमता पैदा होती है जो उसके पानी को सडने नहीं देती| हर नदी के जल में कुछ खास तरह के पदार्थ घुले रहते हैं जो उसकी विशिष्ट जैविक संरचना के लिए उत्तरदायी होते हैं| ये घुले हुए पदार्थ पानी में कुछ खास तरह के बैक्टीरिया पनपने देते हैं तो कुछ को नहीं. कुछ खास तरह के बैक्टीरिया ही पानी की सडन के लिए उत्तरदायी होते हैं तो कुछ पानी सडन पैदा करने वाले कीटाणुओं को रोकने में सहायक होते हैं | वैज्ञानिक शोधो से पता चलता है कि गंगा के पानी मे भी ऐसे बैक्टीरिया हैं जो गंगा के पानी में सडन पैदा करने वाले कीटाणुओं को पनपने ही नहीं देते| इसलिए गंगा का पानी काफी लम्बे समय तक ख़राब नहीं होता और पवित्र माना जाता है|

प्रश्न1: गंगा नदी के पानी की क्या विशेषता है?

क) यह पापों को धो देता है ख) यह अमृत जैसा है

ग) लम्बे समय तक खराब नहीं होता घ)साधारण जल के समान पवित्र है

2) गंगा अपने उद्गम स्थल पर किस नाम से जानी जाती है:

क) गंगोत्री ख) भागीरथी

ग) अलकनंदा घ) गंगा

3) गंगा के पानी में सडन रोकने के लिए .........उत्तरदायी है:

क) विशेष प्रकार का जीवाणु ख) विशेष प्रकार की दवाए

ग)विशेष प्रकार की वनस्पतियां घ) विशेष प्रकार की बैक्टीरिया

4) अलकनंदा और भागीरथी का मिलन कहा होता है:

क) गंगोत्री में ख) देवप्रयाग में

ग़) देवप्रयाग से आगे घ) प्रयाग में

5) 'पनपना' का अर्थ है:

क)जन्म लेना ख)मर जाना

ग)एकत्र होना घ)फलना-फूलना

**प्रश्न 2.निम्नलिखित अपठित काव्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए (5)**

**भू के मानचित्र पर अंकित त्रिभुज, यही क्या तू है ?**
**नर के नभश्चरण की दृढ़ कल्पना नही क्या तू है?**
**वेदो का ज्ञाता, निगूढ़ताओं का चिर ज्ञानी है,**
**मेरे प्यारे देश ! नही तू पत्थर है, पानी है।**
**जड़ताओं मे छिपे किसी चेतन को नमन करूँ मै?**
**किसको नमन करूँ मै भारत! किसको नमन करूँ मै?**
**तू तो है वह लोक जहां उन्मुक्त मनुज का मन है,**
**समरसता के लिए प्रवाहित शीत स्निग्ध जीवन है,**
**जहां कहीं एकता अखंडित, जहां प्रेम का स्वर है,**

**देश-देश मे वहाँ खड़ा भारत जीवित भास्वर है**

**अखिल विश्व की जन्मभूमि वंदन को नमन करूँ मै।**

**किसको नमन करूँ मै भारत! किसको नमन करूँ मै?**

**प्रश्न:**

1. 'यही क्या तू है?' मे 'तू' का प्रयोग किसके लिए किया गया है?

क) मनुष्यों के लिए ख) मानचित्र के लिए

ग)भारत देश के लिए घ) कवि के लिए

.2 भारत निम्नलिखित मे किसका ज्ञाता है?

क)मानचित्र का ख)पुराणों का

ग)ऋचाओं का घ) वेदों का

.3 कवि कहाँ छिपे चेतन को नमन करना चाहता है?

क) पानी में ख) पत्थर मे ग) जड़ताओं में घ)विनम्रता में

.4 भारत की एकता कैसी है?

क) विखंडित ख) दण्डित ग)अखंडित घ) खंडित

.5 कवि ने भारत को किसकी जन्म भूमि कहा है?

क) स्वयं अपनी ख)अपने परिवार वालों की

ग) समस्त भारतवासियों की घ) सम्पूर्ण विश्व की

प्रश्न: 3 समावेशी शिक्षा : एक चुनौती

क) एक आदर्श विद्यार्थी के रूप में आप सुगम्य भारत अभियान में कैसे योगदान करेंगे? (5*2=10)

ख) सीखने की निःशक्तता क्या है? समावेशन की चुनौती का सामना आप कैसे करेंगे?

अथवा

स्वाधीनता आन्दोलन में महिलाओं का योगदान:

क) स्वाधीनता आन्दोलन में योगदान देने वाली किन्ही 5 महिलाओं के योगदान का संक्षेप में वर्णन करें|

ख) स्वाधीनता आन्दोलन के उपरांत महिलाओं की स्थिति में क्या बदलाव आया है? वर्णन करें|

## खण्ड ख

**प्रश्न 4: निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दीजिये : (4)**

i) 'पर्यावरण' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग एवं मूल शब्द लिखिए|

ii) 'उप' उपसर्ग लगाकर दो शब्द बनाइए|

iii) 'चितेरा' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय एवं मूल शब्द लिखिए |

iv) 'इया' प्रत्यय लगाकर दो शब्द बनाइये |

**प्रश्न 5: निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह करके समास का नाम लिखिए:** **(3)**

i) अष्टाध्यायी ii) दशानन iii) मालगोदाम

**प्रश्न 6: क) निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए:** **(4)**

i) वह अशिक्षित है| (निषेध वाचक वाक्य)

ii) क्या शीला रोटी बनाएगी? (संदेहार्थक वाक्य में)

**ख) अर्थ के आधार पर निम्नलिखित वाक्यों की पहचानकर उनके नाम लिखिए:**

i) वर्षा होती तो किसानो को आत्महत्या न करनी पड़ती |

ii) उसने मुझे बुलाया होगा |

**प्रश्न 7: निम्नलिखित काव्य - पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकारों को पहचानकर उनके नाम लिखिए:** **(4)**

i) मीन पैरि पार जात परवाह ज्यों जलन के |

ii) हरसाया ताल लाया पानी परात भर के|

iii) तो पर वारौ उरबसी, सुधि राधिके सुजान|

तू मोहन के उर बसी, ह्वै उरबसी समान|

iv) असंख्य कीर्ति-रश्मियाँ विकीर्ण दिव्य दाह-सी|

## खण्ड ग

**प्रश्न 8 :निम्नलिखित गदयांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर लिखिए -** (5)

टोपी 8 आने में मिल जाती है और जूते उस जमाने मे भी पाँच रुपए से कम मे क्या मिलते होंगे। जूता हमेशा टोपी से कीमती रहा है । अब तो जूते की कीमत और बढ़ गयी है और एक जूते पर पचीसों टोपियाँ न्योछावर होती है। तुम भी जूते और टोपी के आनुपातिक मूल्य के मारे हुए थे। यह विडंबना मुझे इतनी तीव्रता से पहले कभी नही चुभी, जितनी

आज चुभ रही है, जब मै तुम्हारा फटा जूता देख रहा हूँ। तुम महान कथाकार, उपन्यास-सम्राट, युगप्रवर्तक-, जाने क्या - क्या कहलाते थे, मगर फ़ोटो मे भी तुम्हारा जूता फटा हुआ है !

क) 'जूता और टोपी' किसके प्रतीक हैं?एक जूते पर पचीसों टोपियाँ न्योछावर होती हैं - कथन का आशय स्पष्ट कीजिये| (2)

ख) 'तुम भी जूते और टोपी के आनुपातिक मूल्य के मारे हुए थे'- लेखक ने ऐसा क्यों कहा है ? (2)

ग) प्रेमचंद के लिए लेखक ने कौन कौन से विशेषण प्रयुक्त किये हैं? (1)

**अथवा**

**निम्नलिखित गदयांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर लिखिए -**

आज से कई वर्ष पहले गुरुदेव के मन मे आया कि शांतिकेतन को छोड़कर कहीं अन्यंत्र जाएँ। स्वास्थ्य बहुत अच्छा नही था। शायद इसलिए, या पता नही क्यों, तै पाया कि वे श्रीनिकेतन के पुराने तिमंज़िले मकान मे कुछ दिन रहें।

शायद मौज में आकार ही उन्होने यह निर्णय किया हो। वे सबसे ऊपर के तल्ले मे रहने लगे। उन दिनो ऊपर तक पहुँचने के लिए लोहे की चक्करदार सीढ़ियाँ थीं, और वृद्ध और क्षीणवपु रवीन्द्रनाथ के लिए उस पर चढ़ सकना असंभव था। फिर भी बड़ी कठिनाई से उन्हे वहाँ ले जाया जा सका।

क) 'गुरुदेव'किसके लिए प्रयुक्त किया गया है और उन्होने स्थान परिवर्तन का मन क्यों बनाया था? (2)

ख) स्थान-परिवर्तन करके गुरुदेव कहाँ गए? वहाँ का मकान कैसा था? (2)

ग) श्रीनिकेतन मे गुरुदेव को क्या परेशानी हुई थी? (1)

**प्रश्न 9: निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए- (2*5=10)**

क) बालिका मैना के चरित्र की किन विशेषताओं को आप अपनाना चाहेंगे और क्यों ?

ख) 'जिसे तुम घृणित समझते हो, उसकी तरफ हाथ की नहीं, पाँव की ऊँगली से इशारा करते हो'- इस पंक्ति में निहित व्यंग्य को स्पष्ट कीजिये|

ग) महादेवी वर्मा ने अपनी माँ के व्यक्तित्व की किन विशेषताओं का उल्लेख किया है?

घ) आज़ादी की सिपाही न होने पर भी अंग्रेजों ने मैना को जलाकर राख क्यों कर दिया?

ङ) 'एक कुत्ता और एक मैना' पाठ के आधार पर सिद्ध कीजिये कि रवीन्द्रनाथ टैगोर प्रकृति-प्रेमी थे?

**प्रश्न 10: निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (2+2+1=5)**

देख आया चन्द्र गहना
देखता हूँ दृश्य अब मैं
मेड पर इस खेत के बैठा अकेला|

एक बीते के बराबर
एक हरा ठिगना चना,
बांधे मुरैठा शीश परछोटे गुलाबी फूल का,
सज कर खड़ा है|
पास ही मिल कर उगी है
बीच में अलसी हठीली
देह की पतली, कमर की है लचीली,
नील फूले फूल को सर पर चढ़ा कर
कह रही है,जो छुए यह
दूँ हृदय का दान उसको|

**क)कवि कहाँ से लौट रहा है ?उसका मन कौन आकर्षित कर रहा है?**
**ख)कवि खेत में किसे देखता है ?वह उसे कैसा लगता है?**
**ग)अलसी के रूप-सौंदर्य का वर्णन कीजिये|**

अथवा

बूढ़े पीपल ने आगे बढ़कर जुहार की, **(2+2+1=5)**
'बरस बाद सुधि लीन्हीं'-
बोली अकुलाई लता ओट हो किवार की,
हरसाया ताल लाया पानी परात भर के|
मेघ आये बड़े बन-ठन के सँवर के|

**क) बूढ़े पीपल ने मेघों का स्वागत किस प्रकार किया ?**
**ख) लता के व्याकुलता को कवि ने किस प्रकार चित्रित किया है??**
**ग) तालाब मेघ के स्वागत के लिए क्या कर रहा है?**

**प्रश्न11: क)'यमराज की दिशा में' कवि की माँ ने उसे क्या सलाह दी? इसका कवि को क्या लाभ हुआ? (2*5=10)**
**ख) बच्चो का काम पर जाना धरती के एक बड़े हादसे के समान क्यों है?**
**ग) बच्चो से काम कराने के कारण वे किन किन चीज़ों से वंचित रह जाते हैं?**
**घ) 'चंद्रगहना से लौटती बेर' कविता में नगरीय संस्कृति के प्रति क्या आक्रोश व्यक्त किया गया है और क्यों?**
**ड) 'मेघ आये' कविता में जिन रीति रिवाजों का मार्मिक चित्रण हुआ है, उनमे से किन्ही चार का वर्णन कीजिये|**

**प्रश्न 12: 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में गोपाल प्रसाद विवाह को बिजनेस मानते हैं और राम स्वरुप अपनी बेटी की उच्च शिक्षा छिपाते हैं| क्या आप मानते हैं कि दोनों समान रूप से अपराधी हैं? अपने विचार व्यक्त कीजिये|**

**(5)**

**अथवा**

**'पुरखों की गाढ़ी कमाई से हासिल की गयी चीजों को हराम के भाव बेचने को मेरा दिल गवाही नहीं देता'- 'माटी वाली' पाठ के आधार पर मालकिन के इस कथन के आलोक में 'विरासत' के बारे में अपने विचार व्यक्त कीजिये|**

## खण्ड घ

प्रश्न 13: आपका छोटा भाई कुसंगति में पड़ गया है| कुसंगति की हानियाँ बताते हुए कुसंगति से बचने के लिए हर्षित की ओर से छोटे भाई को पत्र लिखिए| (5)

अथवा

दिनोदिन महंगाई बढती जा रही है, ऐसे में आम आदमी का जीना मुश्किल होता जा रहा है| बढती महंगाई की ओर ध्यान आकर्षित कराने के लिए किसी दैनिक समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखिए|

प्रश्न 14: निम्नलिखित संकेत बिन्दुओं के आधार पर किसी एक विषय पर 200 से 250 शब्दों तक का निबंध लिखिए : (10)

i) 'मानव विकास में समाचार पत्रों की भूमिका'-

भूमिका, सूचना का युग, मीडिया के रूप में, गुण-दोष और सुझाव, उपसंहार|

ii)हमारे सच्चे मित्र : पेड़-पौधे-

भूमिका, पेड़ पौधे के बिना जीवन असंभव, उपयोगिता, पेड़-पौधों की निरंतर की जा रही क्षति का परिणाम, पेड़-पौधों को बचाने के लिए ज़रूरी उपाए|

iii)नारी शिक्षा का महत्व-

प्राचीन काल में नारी का स्थान, स्वतंत्रता से पूर्व नारी का स्थान, स्वतंत्रता के बाद नारी शिक्षा व उसके जीवन स्तर में सुधार, संतान की प्रथम पाठशाला, देश के विकास के लिए नारी शिक्षा आवश्यक|

iv)दूरदर्शन के लाभ हानि-

भूमिका, दूरदर्शन का अर्थ एवं परिचय, दूरदर्शन की उपयोगिता, दूरदर्शन की लोकप्रियता के कारण, हानियाँ, निष्कर्ष|

प्रश्न 15: विद्यालय की ओर से आपको शैक्षिक भ्रमण के लिए किसी ऐतिहासिक स्थल पर ले जाया गया| विद्यालय की वार्षिक पत्रिका के लिए अपने अनुभव प्रतिवेदन के रूप में लिखिए| (5)

अथवा

अपने विद्यालय में आयोजित गणतंत्र दिवस पर प्रतिवेदन तैयार कीजिये|